**B.A/B.Sc Degree (CBCSS) EXAMINATION OCTOBER 2016**
**SEMESTER III- ADDITIONAL LANGUAGE (HINDI)**
**HN3A05B- UPANYAS AUR CINEMA KA ANUSHEELAN AUR BHASHA BODHAN**

Time:3hrs. Maximum:80 marks

## PART A

1. सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1. हर्षवर्द्धन सोनी कौन है? संक्षिप्त परिचय दीजिये।
2. इंक्वायरी ऑंफिसर का नाम क्या है? उसका रिपोर्ट किसके पक्ष में था?
3. उदय प्रकाश को किस रचना केलिए साहित्य अकादमी पूरस्कार मिला?
4. प्रवासी भारतीयों पर आधारित कुछ हिन्दी फिल्मों के नाम लिखिए ।
5. बिसनाथ के माँ- बाप का नाम क्या है ?
6. मल्टी प्लक्स संस्कृति वाले दर्शक कैसे है? 6x1 = 6 marks

## PART B

किन्ही 7 प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

7. ओरिएण्टल कोल् माइन्स में उम्मीदवारों को कौन सी परीक्षाओं से गुजरना पडता है?
8. काबादास की मत्यु के समय मोहनदास की क्या हाल थी?
9. मोहनदास की माँ कैसे अंघी हुई ?
10. 'बर्फी' फिल्म किन कारणों से विवादों का शिकार हुई ?
11. लेखक फिल्मी गीतों को लेकर हमारी सुरूचि में आए बदलाव का क्या कुप्रभाव मानते है ?
12. जो नहीं है जैसे की सुरूचि- उसका गम क्या?शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए?
13. विजय तिवारी कौन है - संक्षिप्त परिचय दीजिये।
14. न्यायिक दंडाधिकारी जी. एम. मुक्तिबोघ को क्या हुआ?
15. बॉबी देओल की फिल्म क्रांति में पुलिस अधिकारी का क्या सूत्र वाक्य है
16. गांधीजी और मोहनदास किन बातों में समान और भिन्न है ? 7x2 = 14 marks

## PART C

किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर लिखिए

17. कल्पना चावला एक भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री मिशन विशेषज्ञ थी। वे कोलंबिया अन्तरिक्ष यान आपदा में मारे गए सात यात्री दल सदस्यों में से एक थीं। उनकी उड़ान में दिलचस्पी जहाँगीर रतनजी दादाभाई टाटा, से प्रेरित थी जो एक अग्रणी भारतीय विमान चालक और उद्योगपति थे। कल्पना चावला संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए

*१९८२ में चली गईं और वैमानिक अभियान्त्रिकी में विज्ञान निष्णात की उपाधि टेक्सास विश्वविद्यालय आर्लिंग़टन से प्राप्त की (१९८४)। कल्पना जी को हवाईजहाज़ों, ग्लाइडरों व व्यावसायिक विमानचालन के लाइसेंसों के लिए प्रमाणित उड़ान प्रशिक्षक का दर्ज़ा हासिल था। उन्हें एकल व बहु इंजनवायुयानों के लिए व्यावसायिक विमानचालक के लाइसेंस भी प्राप्त थे। अन्तरिक्ष यात्री बनने से पहले वो एक सुप्रसिध नासा की वैज्ञानिक थी।*

a) *कल्पना चावला कौन थी?*

b) *उनकी दिलचस्पी किस में थी? उन्हें किससे प्रेरणा मिली?*

c) *अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले वें क्या थी*

18. *किसी नगर में युधिष्ठिर नाम का कुम्हार रहता था। एक बार वह नशे की हालत में दौड़ते समय लड़खड़ाकर गिर पड़ा। उसके सिर पर घड़े के टूटे हुए टुकड़े से घाव हो गया। उसकी लापरवाही से घाव बढ़ता गया और महीनों बाद मुश्किल से ठीक हुआ।*

*तभी वहां अकाल पड़ गया। इसलिए कुम्हार अपना नगर छोड़ परदेश चल पड़ा। भटकता-भटकता एक दिन वह जीविका की आशा से राजदरबार में आ पहुंचा। उसके माथे पर चोट का गहरा निशान देखकर राजा ने सोचा-'यह अवश्य कोई बहादुर व्यक्ति है।*

*इसके माथे पर इतना बड़ा घाव अवश्य वीरतापूर्वक किसी से युध्द करते समय ही लगा होगा।' इसलिए राजा ने उसे अपनी सेना में पद दे दिया। इतना ही नहीं, राजा ने उसे अपना विशेष कृपापात्र बना लिया। उसे राजा से इतना मान-सम्मान पाते देख द्सरे राजदरबारी उससे चिढ़ने लगे।*

a) *कुम्हार का क्या नाम था? उसके सिर पर चोट का निशान कैसे बना?*

b) *राजा ने कुम्हार के चोट को देखकर क्या अंदाजा लगाया?*

c) *दुसरे राजदरबारी कुम्हार से क्यों चिढ़ने लगे?*

19. *यह उसी वीर इतिहास-पुरूष की अनुपम अमर कहानी है।*
*जो रक्त कणों से लिखी गई, जिसकी जयहिन्द निशानी है।।*
*प्यारा सुभाष,* **नेता** *सुभाष, भारत भू का उजियारा था।*
*पैदा होते ही गणिकों ने जिसका* **भविष्य** *लिख डाला था।।*
*बाँधे जाते इंसान, कभी तूफान न बाँधे जाते हैं।*
*काया ज़रूर बाँधी जाती, बाँधे न इरादे जाते हैं। ।*
*वह दृढ़-प्रतिज्ञ सेनानी था, जो मौका पाकर निकल गया।*
*वह पारा था अंग्रेजों की मुट्ठी में आकर फिसल गया*

a. *वाक्यों में प्रयोग कीजिये-* 1. *नेता,* 2. *भविष्य*

b. *यह कविता किस वीर पुरूष के बारे में है?*

c. *कवि के अनुसार किसे नहीं बाँधा जा सकता?*

20. *ऊँचे पहाड़ पर, पेड़ नहीं लगते,*
*पौधे नहीं उगते, न घास ही जमती है।*
*जमती है सिर्फ बर्फ,जो कफन की तरह सफेद और*

*मौत की तरह ठंडी होती है। किन्तु कोई गौरेया,*

*वहाँ नीड़ नहीं बना सकती, ना कोई थका-मांदा बटोही,*

*उसकी छांव में पलभर पलक ही झपका सकता है*

*मेरे प्रभू! मुझे इतनी ऊँचाई कभी मत देना,*

*गैरों को गले न लगा सकूँ, इतनी रूखाई कभी मत देना।*

a. *ऊंचे पहाड़ की क्या विशेषता है?*

b. *कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना करते है?*

c. *वाक्यों में प्रयोग कीजिये - 1. सफेद 2. ऊँचाई*

21. *उन्हें कॉलर टोन की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, उन्हें लोग यू ट्यूब से अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर दूसरों को सुना और भेजरहे हैं*

a) *यहां किन दो गीतों का जिक्र किया गया है*

c) *किस पाठ से लिया गया है*

22. *इनके गीत बहुत कल्पनाशील लेखन की उपज नहीं है। मुन्नी तो सीधे लोक गीतों की दुनिया से उठा ली गयी है। शीला की जवानी कई बार सुन चुकने के बाद भी उसके शब्दों को पकड़ना आसान नहीं।*

a. *वाक्यों में प्रयोग कीजिये - 1. दुनिया 2. आसान*

b. *मुन्नी गीत की क्या विशेषता है?*

c. *शीला गीत के शब्दों की विशेषता क्या है?*

23. *उसके परिवार में रोटी पानी के लिए उसकी बाट जोहने वाले भी एक नहीं पांच है- पांच पेट और पांच मुंह।*

a. *वाक्यों में प्रयोग कीजिये - 1. परिवार 2. बाट जोहना*

b. *मोहनदास की बाट जोहने वाले पांच लोग कौन हैं?*

24. *अब नायक के साथ वे माँ और भाई नहीं बचे हैं जो उसे रास्ता दिखाए*

a. *लेखक का नाम लिखिए*

b. *आशय स्पष्ट कीजिये* 5x6=30 marks

## PART D

25. *"जो नहीं है जैसे की सुरूचि - उसका गम क्या" पाठ का सारांश लिखिए और शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए?*

*अथवा*

26. *सिनेमा का समाज पाठ का सारांश लिखिए*

27. *मोहनदास का चरित चित्रण कीजिये?*

*अथवा*

28. *मोहनदास पहले खुद को अपनी पहचान दिलाने से लेकर, बाद में खुद को अपनी ही पहचान से हटाने के सजीव दस्तावेज़ है । स्पष्ट कीजिये?* 2x15=30 marks